**दिनांक: 13.07.2025** **समय : 18.30 पीएम**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **रेलवे ने रेलगाड़ियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा बढाने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया**

- **केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।**

- **केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा – देश को आगे बढ़ाने के लिए भावी पीढी को तैयार करना सभी की जिम्मेदारी।**

- **प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर बारिश का दौर जारी– पूर्वी राजस्थान में अगले दो सप्ताह तक सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान।**

...............

रेलवे ने रेलगाड़ियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा बढाने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रेल इंजनों और बोगियों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रगति की समीक्षा की है। कोच में कैमरा लगाने से यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। इनसे उपद्रवियों को पहचानने में मदद मिलेगी। यात्रियों की निजता को ध्यान में रखते हुए ये कैमरे बोगियों के दरवाजों के पास लगाए जाएंगे। श्री वैष्णव ने सभी 74 हजार बोगियों और 15 हजार रेल इंजनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को मंजूरी दी है। प्रत्येक कोच में चार डोम टाइप सीसीटीवी कैमरा और रेल इंजनों में छह सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएंगे।

...............

रेलवे ने सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के रेफरल मामलों में उपचार के लिए उम्मीद कार्ड आधारित मोबाइल ओटीपी अनिवार्य कर दिया है। कई बार जटिल रोगों के उपचार के लिए रोगियों को रेलवे से संबद्ध निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाता है। बदली हुई व्यवस्था के अनुसार संबद्ध अस्पतालों में इलाज के लिए उम्मीद कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी देने के बाद ही मरीज का उपचार शुरू हो सकेगा। उत्तर–पश्चिम मंडल ने कर्मियों से

अपना उम्मीदकार्ड बेस्ड मोबाइल नंबर तत्काल प्रभाव से अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। ताकि बिना परेशानी के चिकित्सा सेवा का लाभ मिल सके।

..............

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिये हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस बारे में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। श्री चौहान ने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

..............

राज्य में किसानों के सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र के विकास की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। किसानों की आय को दुगुनी करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू किया गया है। एक रिपोर्ट–

................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रख्यात वकील उज्ज्वल देवराव निकम, सामाजिक कार्यकर्ता सदानंदन मास्टर, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार तथा शिक्षाविद मीनाक्षी जैन को राज्यसभा में मनोनीत किया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी। महाराष्ट्र के रहने वाले श्री निकम मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में सरकारी वकील रह चुके हैं। केरल के सदानंदन मास्टर का शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री श्रृंगला अमरीका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत के रूप में कार्य कर चुके हैं। सुश्री जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की एसोसिएट प्रोफेसर रह चुकी हैं।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्यसभा में सांसद के रूप में मनोनीत किये गये विभिन्न क्षेत्रों के चारों गणमान्य लोगों को शुभकामनाएं दी है।

..............

केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज नीमराणा में 111–ए स्टेट हाईवे का शिलान्यास किया। करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से 48 किलोमीटर लम्बी ये सड़क बनाई जाएगी। इसके बनने से 11 गांवों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। ये सड़क नीमराणा से शुरू होकर नागौड़ी धिलोट, डाबड़वास, चावंडी होते हुए हरियाणा तक जाएगी। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस सडक के निर्माण से जहां उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी वहीं आम लोगों सुगम और सुरक्षित परिवहन सुविधा का लाभ

मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए आने वाली पीढी को तैयार करना सभी की जिम्मेदारी है।

---------------

प्रदेशभर में ज्यादातर स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में आज सुबह से बादल छाये रहे और हल्की बारिश हुई। गंगानगर और हनुमानगढ में तेज बरसात हुई, वहीं डीग में भी दोपहर में मध्यम बारिश दर्ज की गई। वहीं पाली में तेज बारिश हुई जिससे सड़कों पर पानी का भराव हो गया।

-------------------

वहीं बांसवाड़ा जिले के घाटोल  क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। वहीं मौसम सुहावना होने पर रविवार का दिन होने पर पर्यटन स्थल और पिकनिंक स्पॉट्स सैलानियों से गुलजार रहे।

-------------------

इसके अलावा सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौडगढ, दौसा, बारां, सहित कई जगह से बारिश के समाचार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। केन्द्र के अनुसार राज्य के 30 जिलों में कहीं भारी तो कहीं बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। इस बीच, टोंक जिले में बीसलपुर बांध में लगातार हो रही पानी की आवक से जल स्तर में बढोतरी हुई है। बांध करीब 314 आरएल मीटर तक भर गया है। गौरतलब है कि बीसलपुर बांध से जयपुर, अजमेर, टोंक, किशनगढ़ और ब्यावर शहरों में पीने के पानी की आपूर्ति होती है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में अगले दो सप्ताह तक मॉनसून सक्रिय रहेगा और सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में भी अच्छी बरसात होने के आसार बने हुए हैं।

-------------

राज्य सरकार ने खनिज ब्लॉक के जल्द परिचालन के लिए कवायद तेज कर दी है। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने बताया कि ऑक्शन ब्लॉक्स के परिचालन में होने वाली देरी और अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए 16 जुलाई को जयपुर में आयोजित होने वाली बैठक में चर्चा की जाएगी।

-------------

प्रदेश में तीन अलग–अलग हादसों में 7 लोगों की मृत्यु हो गई। दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस–वे पर कोटा जिले में कार और टैम्पो की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में छह लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार ये लोग करौली के रहने वाले थे और इंदौर में एक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। वहीं पाली में आज सुबह बाली–मुंडारा मार्ग पर एक मोटरसाइकिल के बेकाबू होकर पलटने से एक महिला की मृत्यु हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जोधपुर रैफर किया गया है। उधर, भीलवाड़ा जिले के बडला पंचायत क्षेत्र में बकरियां चराने गये दो भाइयों की बरसाती नाले में डूबने से मृत्यु हो गई। कोटा में हुए भीषण सड़क हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शोक व्यक्त किया है। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस–वे पर हुई दुर्घटना में जनहानि की सूचना अत्यन्त दुःखद है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को घायलों के उचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है।

................